# यूपी में बड़ी कंपनियां निवेश की इच्छुक

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दुनिया की मशहूर कंपनी टिलमैन ग्लोबल होल्डिंग्स ने यूपी में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन तथा डाटा सेंटर लगाने की इच्छा जताई है। आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस में अग्रणी कंपनी क्लाइमेट एआई ने भी यहां निवेश में रुचि दिखाई है। डेलॉइट इंडिया ने दो माह में लगभग 2000 कर्मचारियों की क्षमता वाला एक कार्यालय नोएडा में खोलने की घोषणा की है। यह कंपनी लखनऊ में भी एक कार्यालय स्थापित करेगी।

स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मंगलवार को इन कंपनियों के प्रमुखों ने यूपी के अधिकारियों से मुलाकात में यह ऐलान किए। क्लाइमेट एआई सैन फ्रांसिस्को स्थित एक तकनीक आधारित स्टार्ट-अप है। इसका लक्ष्य आर्टीफीशियल इंटेलिजेंस एवं आधुनिक मशीनों की सहायता से जलवायु परिवर्तन से कृषि में हो रहे प्रभावों को कम करना है।




विश्व आर्थिक मंच की बैठक में हिस्सा लेने के लिए स्विट्जरलैंड के दावोस गए दल में शामिल केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और यूपी के अधिकारियों ने बैठक की।

इन कंपनियों से आईडीसी मनोज कुमार सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य इनोवेशन व उद्यमशीलता को धरातल पर प्रोत्साहन देने का काम कर रहा है। पेटीएम, पेटीएम मॉल, इंडिया मार्ट, मोगलिक्स, पाइन लैब्स, इन्नोवेसर, इनशॉर्ट्स, क्लासप्लस तथा फिजिक्स वाला, ने उत्तर प्रदेश में अपने केंद्र स्थापित किए हैं। उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने कार्ल्सबर्ग ग्रुप के सीईओ-जैकब आरूप-एंडरसन तथा बुडवाइज़र के सीईओ-मिशेल डोकरिस के साथ चर्चा शुरू की।

**अयोध्या में लुलू हाइपर मार्केट:** प्रतिनिधिमंडल ने लुलु समूह के अध्यक्ष युसफ अली से भी मुलाकात की। इसमें ग्रेटर नोएडा में शीघ्र ही प्रारंभ होने वाले फूड पार्क, प्रयागराज व अयोध्या में बन रहे लुलु हाइपरमार्केट तथा मॉल की प्रगति पर भी चर्चा हुई।